








# 24 घंटे में खुलासा... खेत में अकेले मिले किसान की 4 लोगों ने मिलकर की हत्या

- ताल के कोटड़ी गांव में मेड़ विवाद और सामाजिक रंजिश बनी खूनी साजिश की वजह

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम/ताल ।** जिले के ताल थाना क्षेत्र के ग्राम कोटड़ी में किसान राजेन्द्रसिंह डांगी की हत्या के मामले का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। जांच में सामने आया कि यह हत्या किसी अचानक हुए विवाद का परिणाम नहीं थी, बल्कि खेत की मेड़ को लेकर लंबे समय से चली आ रही तनातनी और समाज से परिवार के बहिष्कार की रंजिश ने मिलकर एक सुनियोजित साजिश का रूप ले लिया था। पुलिस ने इस मामले में एक महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, 20 जून को मनोहरसिंह डांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका बड़ा भाई राजेन्द्रसिंह डांगी 19 जून की शाम ट्रैक्टर लेकर खेत पर हकाई करने गया था, लेकिन रात तक घर नहीं लौटा। अगले दिन सुबह खेत पर उसका शव मिला। उसके सिर पर धारदार हथियार से किए गए गंभीर वार के निशान थे। मामले में थाना ताल में अपराध क्रमांक 312/2026 के तहत धारा 103(1) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल एवं एसडीओपी पल्लवी गौर के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। साइबर सेल, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्धों तक पहुंची पुलिस ने पूछताछ की तो हत्या की पूरी साजिश का खुलासा हो गया।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि खेत की मेड़ (सीमा) को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसके साथ ही परिवार को समाज से बाहर किए जाने की रंजिश भी थी। इसी कारण 19 जून की शाम खेत में अकेले मिले राजेन्द्रसिंह पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई।

पुलिस ने उमरावसिंह डांगी (46), उसके पुत्र जितेन्द्र डांगी (22), जगदीश डांगी (42) तथा भूलीबाई (42) निवासी ग्राम कोटड़ी खारवा, थाना ताल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से पुलिस रिमांड प्राप्त कर आगे की पूछताछ की जा रही है।

हत्या के त्वरित खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक स्वराज डाबी और उनकी टीम, थाना आलोट के निरीक्षक मुनेन्द्र गौतम एवं टीम, थाना बरखेड़ाकला के निरीक्षक पतिराम डावरे एवं टीम तथा रतलाम साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

> **साइबर सेल, तकनीकी साक्ष्यों से संदिग्धों तक पहुंची पुलिस**
>
> पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल एवं एसडीओपी पल्लवी गौर के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। साइबर सेल, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्धों तक पहुंची पुलिस ने पूछताछ की तो हत्या की पूरी साजिश का खुलासा हो गया।

# दो बूंद की जिम्मेदारी : 28 को घर-घर पहुंचेगा पोलियो बचाव अभियान

- स्वास्थ्य, महिला-बाल विकास विभाग तैयार करेंगे बच्चों की सूची
- अभियान में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाएंगे दवा




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में 28 जून, रविवार को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले का कोई भी 5 वर्ष आयु का बच्चा पोलियो की दो बूंद से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त रूप से बच्चों की सूची तैयार करें तथा समग्र पोर्टल के डेटा का भी उपयोग करें।

बैठक में डब्ल्यूएचओ के सर्विलेंस ऑफिसर डॉ. रितेश बजाज ने बताया कि भारत के पड़ोसी देशों में पोलियो के मामले सामने आए हैं। इसे देखते हुए जिले में 28 जून को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सभी आंगनवाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अभियान के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर समय पर ड्यूटी लगाई जाए। साथ ही प्रत्येक विकासखंड में एसडीएम की अध्यक्षता में ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक आयोजित कर अभियान से जुड़े कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने जन अभियान परिषद एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक अभिभावक अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए केंद्रों तक पहुंचें।

> **यह रहे मौजूद**
>
> बैठक में निगम आयुक्त अनिल भाना, डीयूडीए परियोजना अधिकारी अरुण पाठक, महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी श्रीमती भारती डांगी, सिविल सर्जन डॉ. ए.पी. सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष सिंह, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील सहित स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पानी की टंकी में डूबने से युवक की मौत

**रतलाम।** हनुमान प्लास्टिक फैक्ट्री परिसर में स्थित पानी की टंकी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार की रात करीब 9.30 बजे शिवनगर स्थित हनुमान प्लास्टिक फैक्ट्री परिसर की पानी की टंकी में हुई। मृतक की पहचान गोपाल पिता उमेश त्रिपाठी (23) निवासी ग्राम चरथरी, थाना बासी, जिला सिद्धार्थनगर (उत्तर प्रदेश), हाल मुकाम रेल नगर, रतलाम के रूप में हुई है। घटना की सूचना 21 जून को सुबह 11.10 बजे पुलिस को दी गई। मृतक के बड़े भाई नारायण त्रिपाठी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। प्रारंभिक जांच में युवक की मौत पानी की टंकी में गिरने और डूबने से होना सामने आया है।

# मंडी शुल्क वृद्धि के विरोध में आज बंद रहेगी रतलाम मंडी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क में की गई बढ़ोतरी के विरोध में मंगलवार को रतलाम कृषि उपज मंडी में व्यापार पूरी तरह ठप रहेगा। अनाज, दलहन एवं तिलहन व्यापारी महासंघ के प्रदेश व्यापी आह्वान पर रतलाम के सभी व्यापारी संघों ने एक दिवसीय बंद को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। इस दौरान मंडी में किसी भी प्रकार की नीलामी और खरीदी कार्य नहीं होगा।

हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत कर दिया गया है। व्यापारियों का मानना है कि इस 0.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी से व्यापार और किसानों दोनों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसी के विरोध में पूरे मध्य प्रदेश की मंडियों को एक दिन के लिए बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

रतलाम मंडी के विभिन्न व्यापारी संगठनों दि ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेंद्र चत्तर एवं सचिव हितेश मेहता, मंडी व्यापारी संघ: अध्यक्ष राकेश लाठी एवं सचिव हितेश बाफना, मंडी युवा व्यापारी संघ: अध्यक्ष दिलीप मेहता एवं सचिव धर्मेंद्र माहेश्वरी, संघर्षशील लहसुन प्याज मंडी युवा व्यापारी संघ: अध्यक्ष नीलेश बाफना एवं सचिव प्रकाश जाधव, श्री रत्नपुरी लहसुन प्याज मंडी व्यापारी संघ: अध्यक्ष रितेश बाफना एवं सचिव पंकज अग्रवाल, पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि: मनोज जैन आदि पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से सभी छोटे-बड़े व्यापारियों से इस बंद को सफल बनाने की अपील की है। मंगलवार मंडी में नीलामी प्रक्रिया पूरी तरह बंद रहेगी। मंडी आने वाले किसान भाई इस बात का विशेष ध्यान रखें ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### एक नजर में

## डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनेगी

**रतलाम।** भाजपा 23 जून को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) मनाएगी । इस अवसर पर 80 फीट रोड, रतनपुरी, रतलाम स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान में माल्यार्पण कार्यक्रम होगा । जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि माल्यार्पण कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय,महापौर प्रहलाद पटेल , रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा की उपस्थिति में प्रात: 10 बजे होगा ।

## नशा मुक्त भारत सप्ताह के तहत लगी बाल चौपाल



**रतलाम।** केंद्र सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान' थीम अंतर्गत 17 से 26 जून तक आयोजित 'नशा मुक्त भारत सप्ताह' के क्रम में सोमवार को पं. डॉ. शिव शक्तिलाल शर्मा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज आयुष ग्राम सेजावता बायपास बंजली रतलाम में बाल चौपाल एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम बंजली, पलसोड़ा, नंदलाई तथा सेवा भारती सारथी विद्यालय, रतलाम से आए बच्चों एवं किशोर-किशोरियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विषय विशेषज्ञों द्वारा बच्चों में नशे की प्रारंभिक पहचान, उसके दुष्प्रभाव तथा परिवार आधारित रोकथाम उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सांस्कृतिक सत्र में कला पथक दल के ओमप्रकाश आर्य एवं नन्नूसिंह द्वारा नशामुक्ति विषयक प्रेरक गीतों की प्रस्तुति दी गई। वहीं मात्र 5 वर्षीय योग प्रतिभा प्रिंसेस वैष्णवी ने योग एवं संगीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में प्रफुल्ल जैन एवं अक्षय जैन (जयपुर) द्वारा प्रेरक मोटिवेशन सत्र आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को नशे से दूर रहकर सकारात्मक एवं स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा, समाजसेवी शिवेंद्र माथुर, अजय कर्नावट, सतीश टांक, सेवानिवृत्त ग्रामोद्योग अधिकारी जगदीश पाण्डे, एडवोकेट शैलेन्द्र शर्मा, पलसोडा, बंजली, नंदलाई के शिक्षक शिक्षिका स्वाति जोशी, लताकुंवर सिसोदिया, श्रीमती ज्योति शर्मा, अर्चना तिवारी, कृतिका गेहलोत, कुलदीप सिंह सोलंकी, श्रीमती सोमकुंवर यादव, मनोहर लाल जैन, श्रीमती तृप्ति सोनी एवं श्रीमती निधि शर्मा, आंगनबाडी कार्यकर्ता सहायिका, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## 251 परिवार करेंगे आज सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**रतलाम।** सेवावीर परिवार द्वारा आयोजित प्रति मंगलवार हनुमान चालीसा पाठ श्रृंखला का 251वां मंगलवार को उत्सव रूप में पर कल मनाया जाएगा। चंपा विहार, सागोद रोड पर रात्रि 7:30 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम में 251 परिवारों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, दिव्य सिंदूर वितरण, हनुमानजी एवं दिव्य गदा के दर्शन तथा सामूहिक अर्जी होगी। इस अवसर पर प्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ वक्ता श्याम मनावत कुटुम्ब हितैषी उद्बोधन देंगे। सेवावीर परिवार ने श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होने की अपील की है।

## इस बार जाप और सामायिक करने वालों की संख्या पहुंची 221 के पार

**जावरा।** नवनिर्मित पुज्य उपाध्याय श्री कस्तुरमुनि पावनधाम तीर्थ पर प्रत्येक रविवार को होने वाले जाप एवं सामायिक दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार को जैन दिवाकर एवं उपाध्याय श्री कस्तुरमुनि के गुरु भक्त श्रावक श्राविकाओ, युवा मण्डल एवं बालिकाओं का पावनधाम तीर्थ पर सैलाब उमड़ पड़ा। इस बार जाप एवं सामायिक करने वालो की संख्या 221 पार हो गई। जानकारी देते हुए सुभाष टुकड़िया ने बताया कि रविवार की पुर्व संध्या को जाप एवं सामायिक में भाग लेने के लिए गुरु भक्तों फोन पर फोन आने लगे मेने व कार्यक्रम के मेरे दो और सहयोगी राकेश कोचट्टा एवं नितिन कोलन देर रात 12 बजे तक गुरु भक्तों का रजिस्ट्रेशन किया व प्रात: जाप के पुर्व संख्या 221 के पार हो गई। रविवार प्रात: 7.15 से 8.15 तक आयोजित जाप एवं सामायिक का शुभारंभ नवकार महामंत्र के जाप से प्रारंभ हुआ। सामायिक का पाठ जतीन कोचट्टा ने पढा, ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश मेहता एवं महामंत्री सुजानमल कोचट्टा ने आभार माना। नवकारसी का लाभ सुजानमल सुधीर कुमार सचिन कुमार कोचट्टा परिवार ने लिया।

# समयावधि पत्रों की हुई समीक्षा बैठक

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में सोमवार कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जनकल्याण शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण किया जावें। जाति प्रमाण पत्र के संबंध में समग्र आईडी और आधार नंबर का अपडेशन किया जावे। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के संबंध में डी ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों के असंतोष व्यक्त किया।

कलेक्टर ने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन योजना के अंतर्गत प्रति पंचायत 10 लोगों का पंजीयन कराया जाए योजना में 15 हजार रुपये प्रतिमाह से कम आय प्राप्त करने वाले लोगों को 60 वर्ष के आयु के पश्चात प्रतिमाह 3 हजार रुपये प्रदान किये जाते है। योजना में आवेदक की उम्र के आधार पर हर महीने 55 रुपये से 200 रुपये तक योगदान करना होता है।

योजना की अधिक जानकारी श्रम विभाग से प्राप्त की सकती है। कलेक्टर ने आशा कार्यकर्ता, आशा सहयोगी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि को पात्रता आधार पर योजना में लाभ दिलाने की बात कही। कलेक्टर ने जनसुनवाई के प्रकरणों का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीआईयू के इंजीनियर को भवन निर्माण कार्य पूर्ण करके संबंधित विभाग को हैंडओवर कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने मानसून पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने तथा कंट्रोल रूम तैयार रखने के लिए कहा। बैठक में डीएफओ श्रीमती अनुभा त्रिवेदी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती राधा महंत, आयुक्त नगर निगम अनिल भाना, एसडीएम रतलाम शहर तरूण जैन, एसडीएम रतलाम ग्रामीण आर्ची हरित, पीओ डूडा अरूण पाठक सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जंगल में युवक की मौत, जहरीले जानवर के काटने की आशंका

**रतलाम/बाजना।** 20 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर करीब 12 बजे डाबर गांव के पास सूचना देने वाले के खेत से लगे खोरा जंगल में युवक के मृत होने की सूचना मिली। घटना की जानकारी पुलिस को दोपहर 3.50 बजे दी गई। मृतक की पहचान मगला पिता लक्षीया डोडियार (20) निवासी डाबर, थाना बाजना के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची बाजना थाना पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रारंभिक जांच में युवक की मौत जहरीले जानवर के काटने से होने की आंशका जताई जा रही हैं।

# भारत आदिवासी पार्टी की महारैली कल, विधायक डोडियार करेंगे नेतृत्व

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** आदिवासी किसानों, ग्रामीणों एवं आम जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर भारत आदिवासी पार्टी 24 जून को महा रैली निकाल कलेक्टर कार्यालय पर पहुंच प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। रैली का नेतृत्व सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार करेंगे। विधायक डोडियार ने बताया कि आदिवासी अंचल के किसान खाद-बीज की खरीद में कथित अनियमितताओं के कारण परेशान हैं। वन विभाग के कुछ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किसानों के साथ किए जा रहे व्यवहार को लेकर भी क्षेत्र में असंतोष है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता की समस्या तथा जर्जर सड़कों के कारण आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भारत आदिवासी पार्टी द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से रैली निकालकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। पार्टी ने किसानों और ग्रामीणों से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई एवं जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। भारत आदिवासी पार्टी ने जिलेभर के किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं आम नागरिकों से बड़ी संख्या में रैली में शामिल होने की अपील की है।

## तालाब के पास युवक से मारपीट, प्रकरण दर्ज

**रतलाम।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र में देर रात एक युवक का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रविवार की रात करीब 1 बजे शिवगढ़-रतलाम रोड पर फुटला तालाब के समीप हिण्डोला के पास गौरीशंकर पिता अमरा भाभर (22) निवासी ग्राम कांगसी, थाना शिवगढ़ का रास्ता रोक लिया गया। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट रविवार को शाम 7.20 बजे शिवगढ़ थाने में दर्ज की गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आसपास पूछताछ कर तथा घटनास्थल के आसपास उपलब्ध संभावित साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।



# एक व्यक्ति-एक वृक्ष अभियान शुरू

**रतलाम।** राम बाग हनुमान मंदिर समिति माहेश्वरी समाज, रतलाम ने राम बाग परिसर गढ़ कैलाश पास एक वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन किया। उपस्थित समाज जनों एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने एक व्यक्ति एक वृक्ष लगाने एवं उसकी देखभाल करने संकल्प लिया। इस अवसर पर 31 पौधे विभिन्न प्रजाति के रोपण किये गये। साथ ही पूर्व में किए गए पौधारोपण का निरीक्षण कर विकसित हुए पौधों के रखरखाव के बारे में चर्चा की ।

इस अवसर पर समाज एवं समिति अध्यक्ष डॉ.बी.एल . तापडिया, संरक्षक शैलेन्द्र डागा, माधव काकाणी, नरेंद्र बाहेती, द्वारका दास भंसाली, एल. एन. धूत, राजेश चौखड़ा, राजेश दरक, गुंजन बाहेती, रतन धूत, संतोष काबरा,भूपेंद्र चिचानी मनीष तोतला, आशीष लोहिया, राजा देवी राठी, शशि मालपानी, पुष्पा राठी सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु एवं महिला शक्ति उपस्थित रही। आभार समिति सचिव आदित्य डागा ने माना।

# योग हमारी आंतरिक ऊर्जा का प्रेरणा केंद्र है : आशा दुबे



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** योग करना महज एक शारीरिक प्रक्रिया नहीं है और नहीं व्यायाम का कोई तरीका अपितु योग शरीर के आंतरिक रक्त संचरण का प्रबल माध्यम है, जो हमारी ऊर्जा को केंद्रित करते हुए शरीर की रक्षा करता है। यही ऊर्जा हमें स्फूर्तिवान स्वस्थ और क्रियाशील बनाए रखती है।

उक्त विचार कॉलेज रोड स्थित मठ मे संस्था परस्पर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग शिविर में उपस्थित संस्था पदाधिकारी को संबोधित करते हुए योग शिक्षिका आशा दुबे ने व्यक्त किए। संस्था परामर्शदाता दिनेश शर्मा ने कहा कि योग से मन प्रसन्न और तन स्वस्थ रहता है योग ही हमारी आंतरिक शक्ति का केंद्र बिंदु है जो हमारी दिनचर्या को ऊर्जावान बनाए रखना है। शरीर की मजबूती और मन में उत्साह हैतू योग नियमित रूप से हमारी दिनचर्या का हिस्सा बनना चाहिए । संस्था के अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने योग की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योग अवश्य करना चाहिए जिससे हमारा शरीर स्वस्थ बना रहता है । योग के प्रति लोगों में अद्भुत जागृति आई है प्रतिवर्ष 21 जून के दिन लोगों में अपार उत्साह दिखाई देता है ।

इस अवसर पर योग शिक्षिका आशा दुबे का संस्था के पदाधिकारी ने अभिनंदन कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में संरक्षक अभय सुराणा, मनीष बोहरा, हार्दिक मेहता, एमके जैन, मिलन राखेचा, शैलेंद्र व्यास, राजेंद्र कसेरा, सोनू व्यास, अभीसार हाड़ा, प्रीतम भरगट, श्रेयांश जैन, नितेश पोरवाल, दशरथ पोरवाल, पंकज चौहान, नितेश शुक्ला, कमलेश पालीवाल, चंदन राठौर, सुबोध महेश्वरी, अमित डांगी आदि उपस्थित थे । संचालन मिलन राखेचा तथा आभार शैलेंद्र व्यास ने व्यक्त किया। उक्त जानकारी प्रवक्ता मितेश अग्रवाल ने दी।

# अक्षिता राठौर बनीं चार्टर्ड अकाउंटेंट परिवार और नगर का बढ़ाया गौरव



**जावरा।** नगर की प्रतिभाशाली छात्रा अक्षिता राठौर ने प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया है। जवाहरपेठ निवासी अक्षिता, स्वर्गीय मदनलाल राठौर की पौत्री तथा विजय राठौर की सुपुत्री हैं।

अक्षिता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात चार्टर्ड अकाउंटेंसी की कठिन एवं चुनौतीपूर्ण यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा किया। सीए जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करना उनकी अथक मेहनत, दृढ़ संकल्प, लगन एवं समर्पण का परिणाम है। अक्षिता अपने परिवार की प्रथम चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर उभरी हैं, जिससे परिवार में विशेष हर्ष एवं गौरव का वातावरण है। अक्षिता की इस उपलब्धि से परिवार में हर्ष का वातावरण है। समाजजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिजनों ने बताया कि अक्षिता की यह सफलता उनके माता-पिता के वर्षों के त्याग, मार्गदर्शन एवं विश्वास का प्रतिफल है। उनकी इस उपलब्धि पर नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक संगठनों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। अक्षिता की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे नगर को गौरवान्वित किया है तथा युवा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

**एक नजर में** — पदभार ग्रहण करते ही ली विभागीय समीक्षा बैठक, मानसून तैयारियों और विकास कार्यों पर दिया जोर

# नई एसडीएम रचना शर्मा ने संभाली जावरा की कमान



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** अनुभाग को नई प्रशासनिक नेतृत्वकर्ता के रूप में उपखंड अधिकारी (एसडीएम) रचना शर्मा मिल गई हैं। आलोट से स्थानांतरित होकर आई रचना शर्मा ने हाल ही में जावरा एसडीएम का पदभार ग्रहण किया।

पदभार संभालते ही उन्होंने सक्रियता का परिचय देते हुए विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की तथा क्षेत्र में संचालित विकास एवं जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

सोमवार को स्थानीय पत्रकारों ने एसडीएम रचना शर्मा से सौजन्य भेंट कर उनका जावरा आगमन पर स्वागत किया तथा उनकी कार्ययोजना और प्राथमिकताओं के संबंध में चर्चा की। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि प्रशासन की पहली प्राथमिकता आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में संचालित नल-जल योजनाएं सुचारू रूप से चल रही हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट जैसी कोई गंभीर स्थिति नहीं है। जावरा नगर में भी मलेनी नदी से नियमित जलापूर्ति हो रही है और वर्तमान में पानी की उपलब्धता पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को निर्बाध जल आपूर्ति मिले, इसके लिए प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है।

> **मानसून को लेकर प्रशासन अलर्ट**
>
> एसडीएम रचना शर्मा ने बताया कि अब ग्रीष्मकाल समाप्ति की ओर है और मानसून का आगमन होने वाला है। ऐसे में प्रशासन ने बारिश के दौरान संभावित समस्याओं की रोकथाम के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था, नगर की स्वच्छता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि बारिश के दौरान आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास रहेगा कि संभावित जलभराव और अन्य समस्याओं का पूर्व आंकलन कर समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं। एक प्रश्न के उत्तर में एसडीएम रचना शर्मा ने कहा कि उन्होंने जावरा क्षेत्र के बारे में पहले भी काफी सकारात्मक बातें सुनी हैं। अब यहां कार्य करने का अवसर मिलने पर वे स्वयं क्षेत्र की आवश्यकताओं को समझकर विकास कार्यों को गति देने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि जावरा एक महत्वपूर्ण और संभावनाओं से भरपूर तहसील है तथा यहां की जनता के सहयोग से प्रशासन बेहतर कार्य करेगा।